# बीच बचाव करने पर दुकानदार ने की मारपीट, मोबाइल तोड़ा

## तीर्थक्षेत्र में बढ़ रहीं घटनाएं, पुलिस- प्रशासन बना अनजान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं और इलाज के लिए आने वाले लोगों के साथ अभद्रता और मारपीट के साथ छिनैती की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन घटनाओं के पीछे स्थानीय पुलिस के कुछ कर्मचारियों की शह भी एक वजह है। बीते दिन दो लोगों के साथ प्रसाद विक्रेता ने मारपीट की। जब इन युवकों ने विवाद रोकना चाहा तो उसने उनको भी मारापीटा। नयागांव (मप्र) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मप्र के पन्ना जिले के पवई निवासी सतीश गुप्ता ने बताया कि वह अपनी सास मोहिनी, पत्रकार साथी सुरेंद्र पांडेय, सुरेंद्र की पत्नी बबीता के साथ सोमवार को कार से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड आया था। वह भी पत्रकार है। अस्पताल बंद होने उन्होंने कामतानाथ भगवान के दर्शन की सोची। द्वितीय मुखारबिंद के पास कार खड़ी कर दी। वहीं उसको पुराना मित्र उमेश पांडेय भी मिल गया। जब वे लोग मंदिर के द्वार पर पहुंचे तो देखा कि वहां कामद उर्फ छोटू गौतम पुत्र चंद्रिका गौतम अपनी भोग प्रसाद की दुकान के सामने एक व्यक्ति से गालीगलौज कर रहा था। इस पर उमेश ने बीच बचाव करना चाहा। जब विवाद बढ़ा तो वह इसका वीडियो बनाने लगा। इस पर कामद ने उसका मोबाइल जमीन पर पटक दिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। उमेश, सुरेंद्र और आसपास खड़ी महिलाओं ने उसे बचाया। बताया कि मारपीट में उसका मोबाइल, चश्मा और सोने की चेन टूट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज शुक्ला से जानकारी लेने के लिए उनको कई बार फोन लगाया पर काल रिसीव नहीं की गई।

**दवा कराने आए युवक से मारपीट:** बरौंध (सतना) थानांतर्गत कौंहारी निवासी चंद्रभवन लोध पुत्र हरीबाबू ने चित्रकूट (मप्र) थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। चंद्रभवन ने बताया कि वह 11 मई को दवा कराने पत्नी के साथ चित्रकूट आया था। रात अधिक होने की वजह से वह परिक्रमा मार्ग स्थित लोधी राजपूत धर्मशाला पहुंचा। वहां दरवाजा खटखटा रहा था कि इसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे। इनमें से दो मास्क लगाए थे। इन लोगों ने उससे गालीगलौज की और फिर डंडे से प्रहार कर दिया। वे लोग उसका पैंट, शर्ट, कोट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और 15 सौ रुपये छीनकर भाग गए। उसने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की।


आपबीती बताता सतीश।


घटना की जानकारी देता चंद्रभवन।

### कुछ दुकानदार करते दबंगई

भोग प्रसाद की दुकान किए कुछ लोगों की दबंगई आम है। मप्र का इलाका हो या फिर उप्र का इलाका तीर्थक्षेत्र में इनकी तूती बोलती है। अपने घरों के अंदर खाली जगह पर ये लोग बाकायदा कार-बाइक पार्क कराते हैं और इसका मनमाना पैसा लेते हैं। तीर्थयात्रियों से अभद्रता तो आए दिन होती है। सुरेंद्र ने बताया कि वह श्रमजीवी पत्रकार संघ का ब्लाक अध्यक्ष भी है। पहले तो पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही थी पर जब स्थानीय पत्रकारों ने दबाव बनाया तब कहीं जाकर रिपोर्ट दर्ज की गई।

### पहले भी हुई हैं घटनाएं

तीर्थक्षेत्र आने वाले लोगों के साथ ऐसी घटनाएं अक्सर होती हैं। कुछ महीने से अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ युवक और नाबालिग घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दिसंबर में परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान जी मंदिर के सामने खंगार धर्मशाला के पीछे हमीरपुर के कुछ श्रद्धालु टेंपो से जा रहे थे। चार युवकों ने इनसे मारपीट कर दो हजार रुपये लूट लिए। जनवरी की अमावस्या पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में रुका इटवा निवासी कीर्तन कलाकार अर्धरात्रि को लघुशंका करने पीछे गया तो युवकों ने कंबल से ढंककर पिटाई की। मोबाइल व ढाई सौ रुपये छीनकर आटो से फरार हो गए।

### देवांगना एयरपोर्ट पर उतरा पहला जहाज





चित्रकूट। देवांगना एयरपोर्ट पर मंगलवार को लखनऊ से पहली फ्लाइट ने अपराह्न सवा तीन बजे के आसपास लैंड किया। डीएम अभिषेक आनंद, एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि ने इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित किया और सभी यात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद हवाई जहाज यहां से रवाना हो गया। यात्री रोहिल अग्रवाल को प्रथम बोर्डिंग पास दिया गया। ● अमृत विचार

# मीना मंच की आवश्यकता बताई

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मीना मंच के शिक्षक-शिक्षिकाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला बीआरसी में 12 मार्च से शुरू हुई। पहले दिन इसकी शुरुआत करते हुए खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने प्रतिभागियों को मीना मंच के गठन की आवश्यकता बताई। लैंगिक असमानता के आधार पर बालिकाओं को समान अवसर न मिलने और लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्लाक अंतर्गत कुल 53 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे हैं। संदर्भदाता सागर सिंह एवं आलोक श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### बतकही

#### निंदक नियरे राखिए...

सुबह चाय की दुकान का रुख किया तो घर से निकलता हुआ फलाने दिख गया। इससे मैंने उसे साथ लिया और दोनों टहलते हुए चल पड़े। चुनावी माहौल है तो बात भी चुनाव पर ही चल पड़ी। फलाने ने बेपरवाही वाले अंदाज में पूछा... और बताओ, तुम्हारे शहर में चुनाव की हवा कैसी है। मैंने कटाक्ष वाले अंदाज में कह दिया... अब तक ठीक थी अब तुम्हारे आने से बदल जाएगी। फलाने ने जैसे इसे सुना नहीं या फिर सुनकर अनसुना कर दिया। बोला, यार मैं कल फलां गांव गया था। वहां एक नेताजी के प्रति जमकर आक्रोश लोगों में था और वहां जब वह पहुंचे तो लोगों ने जमकर भला बुरा भी कहा। आखिर ये सभी पार्टियों के नेता ऐसा काम क्यों नहीं करते कि जब चुनाव आए तो उनको इस तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़े। अरे, जनता उनको चुनती ही इसलिए है कि वे उनका काम करें, सिर्फ दावे-वादे न करें। फलाने ने आगे कहा, और एक बात मैं तुमको बताऊं। नेताजी तो जो करते हैं वो अलग है पर उनके साथ चलने वाले लोग खुद को नेताजी से बढ़कर समझ लेते हैं और चुनाव आने पर इनकी हरकतों का सामना नेताओं को करना पड़ता है। जीतने के बाद नेताजी और उनके हाली-मुहाली सब उन लोगों को भूल जाते हैं, जिन्होंने गाढ़े समय यानी चुनाव के समय उनका साथ दिया। फलाने मार्के की बात कह रहा था तो मैंने उसे बोलने दिया। वह जारी था, जीतने के बाद जो भी नेता अपने आसपास की चौकड़ी पर ध्यान देता है, वही सही होता है और फिर उसको इस तरह की परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता। सही आलोचना करने वालों को हमेशा पास रखना चाहिए और चाटुकारों से दूर रहना चाहिए, जिससे जो हो रहा है वास्तविकता में उसका पता चलता रहे। जबकि किसी भी पार्टी के नेताजी हों, वो बर्दाश्त नहीं कर पाते कि कोई उनको सच से रूबरू कराए, आईना दिखाए। जबकि बहुत पहले कबीरदास कह गए हैं, निंदक नियरे राखिये आंगन कुटी छवाय, बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुभाय...।

# नए भारत के निर्माण को आगे आएं महिलाएं

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

● अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं श्री सद्गुरु महिला समिति ने महिलाओं का सम्मान किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा जैन ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए महिलाओं को आगे आना होगा।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, ट्रस्टी डॉ. वीके जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, डॉ.पूनम अडवानी, आरबी सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उषा जैन कहा कि श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष अरविंद भाई मफतलाल ने आजीवन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास किए। उन्हीं की प्रेरणा से सद्गुरु महिला समिति की 1998 में स्थापना की गई। अभय महाजन ने कहा कि एक दिन नहीं हर दिन महिला दिवस होना चाहिए। हर इंसान की पहली गुरु मां ही होती है। मां ही पाल पोसकर बड़ा करती है और मां से ही हम सबको संस्कार मिलते हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में योगदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।


महिलाओं को सम्मानित करते वीके जैन। अमृत विचार

### सार-संक्षेप

#### 11 आरोपियों पर लगाया गया मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा पुलिस ने 11 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। एसओ राम सिंह ने गुंडागर्दी के आरोप में सुशील पटेल उर्फ मंजू पुत्र गणेश उर्फ चमन, लवकुश पटेल पुत्र चुन्नू लाल निवासी बरुई, शिवनरेश पुत्र रामगोपाल निवासी तालातीर, मुन्नीलाल उर्फ खड़क सिंह पुत्र रामदेव निवासी सहरिन, श्याम सुंदर पुत्र रामचरण पटेल निवासी लंकापुरवा के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। साथ ही चुक्कू यादव पुत्र दादू लाल निवासी बरुई, रिंकू पटेल उर्फ लवलेश पुत्र शिवप्रसाद निवासी लखनपुर, राजकरण पुत्र बच्चा निवासी चोखड़ा मजरा ददरीमाफी, सुरेश पटेल पुत्र श्यामलाल निवासी खांच, रामहित उर्फ हितुवा पुत्र शारदा प्रसाद निवासी बरुई और रविदास पुत्र जगन्नाथ निवासी कैलाश थाना बहिलपुरवा पर धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

#### अलग-अलग मामलों के छह आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई गजबये आलम व अंशुल कुमार ने वांछित आरोपी अर्जुन प्रसाद पुत्र कल्लू और .कल्लू पुत्र स्व. चुनबाद निवासीगण कांड़ीखेड़ा मजरा भीटाखेड़ा को पकड़ा। एसआई गौरव तिवारी व मुख्य आरक्षी दीपेंद्र यादव ने वारंटी पिंटू यादव उर्फ तेजगिरी पुत्र शिवकुमार उर्फ कल्लू निवासी खोह को गिरफ्तार किया। उधर, प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय ने वारंटी धर्मराज कोल पुत्र भीखम निवासी नाशगवां थाना पनवार जनपद रीवा (मप्र) व भवानीदीन पुत्र वासुदेव निवासी बैरागीपुर थाना महेवाघाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

# गिले-शिकवे दूर, थाने में पड़ीं भांवरें

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

● एसओ रीता सिंह ने दोनों पक्षों को समझाकर राजी किया

**अमृत विचार।** पुलिस और अन्य लोगों की कोशिश रंग लाई। प्रेमी-प्रेमिका ने आपसी मतभेद भुला थाना परिसर में विवाह सात फेरे लिए। अनुसूचित जाति की एक युवती का पिछड़ी जाति के युवक से लगभग आठ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने युवती की मेधा को पहचाना और उसकी पढ़ाई लिखाई में मदद की। दोनों की मेहनत रंग लाई और युवती का चयन सरकारी शिक्षिका के पद पर हो गया। अब दोनों ने दांपत्य जीवन गुजारने की सोची। खास बात यह रही कि जाति अलग- अलग होने के बाद भी दोनों के परिवारों को इनकी शादी पर कोई आपत्ति नहीं थी। शादी की तिथि जनवरी में तय हो गई। इस बीच युवक का पैर टूट गया और शादी स्थगित हो गई। दोबारा शादी की तिथि 12 मार्च निर्धारित हो गई। 10 मार्च को लड़की वाले लड़के के घर तिलक की रस्म पूरी करने पहुंचे। वहां कोई तैयारी न पाकर वे लोग दंग रह गए और यह विवाद का विषय बन गया। युवती ने सोचा कि युवक ने अपने घर में यह तिथि नहीं बताई और इस वजह से उसके घरवालों को नीचा देखना पड़ा। युवती ने इस पर मानिकपुर में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। हालांकि इसके बाद एसओ रीता सिंह व शुभचिंतकों ने दोनों पक्षों से बात की और विवाद का निपटारा कर दिया। थाना परिसर स्थित मंदिर में दोनों के परिजनों की मौजूदगी में विधि विधान से दोनों की शादी कराई गई। वर-वधु ने हंसी खुशी दांपत्य जीवन बिताने की कसम खाई।

# साहब! धमका कर दबंग करता रेप

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

● महिला ने लगाया आरोप, पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग उठाई

**अमृत विचार।** बहिलपुरवा थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने एसपी को पत्र भेजकर पड़ोसी पर मारपीट करने और दुराचार करने की शिकायत की है। उसका कहना है कि इसने उसका वीडियो भी बना लिया है और किसी को बताने पर इसे वायरल करने की धमकी देता है। थाने गई तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

महिला ने बताया कि वह गांव में अपने दो नाबालिग बेटों के साथ रहती है। उसका पति अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहता है। आरोप लगाया कि पड़ोसी युवक ने एक साल पहले उसे धमकाकर मारापीटा और दुराचार किया। मोबाइल से वीडियो बना लिया। साथ ही धमकी दी कि अगर किसी से बताया तो इसे वायरल कर देगा और साथ ही बच्चों की हत्या कर देगा। इस डर से उसने अब तक मुंह नहीं खोला। जब उसने आरोपी के घरवालों से शिकायत की तो उन्होंने भी उसे ही मारापीटा। इससे आरोपी के हौसले बुलंद हो गए और उसने फिर कई बार उससे दुराचार किया। बताया कि चार मार्च को आरोपी उसके घर पहुंचा और फिर दुराचार किया। चीखने पर गला दबाकर मारने की कोशिश की। जब पति लौटा तो उसको पूरी बात बताई। जब वह पति के साथ थाने रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की।

आवाज उठाई | सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, वामपंथियों ने किया विरोध- प्रदर्शन

# सीआईसी हादसे की कराएं न्यायिक जांच

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** संयुक्त वाम मोर्चा के प्रादेशिक आह्वान पर भाकपा व माकपा जिला कौंसिल के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वामपंथियों ने स्थानीय मुद्दे भी उठाए। मांग की कि चित्रकूट में हुए हादसे की न्यायिक जांच कराई जाए।

भाकपा जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट व माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में वामपंथियों का जुलूस सीपीआई कैंप कार्यालय से कचहरी होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। इस दौरान ये लोग किसानों से किए वादे पूरे करो, भ्रष्टाचार बंद करो, सीआईसी बम ब्लास्ट की न्यायिक जांच कराओ, मंहगाई कम करो, बेरोजगारी कम करो, सड़कों को दुरुस्त करो आदि नारे लगा रहे थे। तहसील परिसर में इन लोगों ने सुशील सिंह की अध्यक्षता में सभा की। अमित यादव ने कहा कि प्रशासन बेलगाम है और भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। विभागों की मिलीभगत से खनिज का भीषण दोहन किया जा रहा है। संभागीय परिवहन कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कहा कि फरवरी में चित्रकूट इंटर कॉलेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान धमाके से चार मासूमों की मौत हो गई। हास्यास्पद यह है कि आयोजन करने वाले ही घटना की जांच कर रहे हैं तथा लीपापोती कर रहे हैं। रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि सरकार जनता को गुलामी की ओर ले जा रही है।

देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पीएम का विश्व गुरु संबंधी कथन जुमला साबित हो रहा है। वामपंथियों ने एसडीएम सौरभ यादव को राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेश आचार्य, हनुमान, राजधर, रामचंद्र, रामस्वरूप, रामू, पहाड़ सिंह, रेवतीरमण, शुंता, विष्णु कुमार, बाबूलाल, मारुति नंदन शर्मा, बिट्टी, माया, माताबदल, गेंदालाल आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकपा और माकपा के लोग। अमृत विचार

# नाली की सफाई न कराने का आरोप

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

● अकबरपुर व टिटिहरा रोड के ग्रामीण नाराज

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत अकबरपुर और टिटिहरा रोड के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रधानपति पर विकास कार्यों में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रधानी के चुनाव में मुहल्ले के लोगों के वोट न मिलने की खुन्नस से प्रधान द्वारा यहां की नाली सफाई नहीं कराई जा रही।

पुष्पेंद्र सिंह, संजय सिंह, मनोज सिंह, संतोष कुमार, आशीष सिंह, रामू सिंह, पुष्पराज सिंह, शुभम सिंह, आशीष सिंह, कमलेश गुप्ता, राजकरन सिंह, मनु सिंह, कैलाश सिंह आदि ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में महिला प्रधान है। प्रधान पति ही पूरा कामकाज देखता है। उन लोगों के मुहल्ले से उसे वोट नहीं मिला और इसी नाराजगी की वजह से वह नालियों की सफाई नहीं करा रहा। जबकि अन्य सभी जगहों पर सफाई कराई गई है। बजबजाती नालियों से जीना दूभर हो गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। घरों के भी ढहने की आशंका है। डीएम से इस ओर ध्यान देने की अपील की है। इस संबंध में प्रधान का पक्ष नहीं जाना जा सका।

हेलो डाक्टर
दाँतों से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
टेढ़े मेढ़े दांत, मसूड़ो से खून आना, पॉयरिया, दांतो मे कीड़े लगना एवं दांतो में सड़न जैसी समस्याओं के उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के दंत रोग विभाग की विशेषज्ञ डा0 अनु मयंक से करें सवाल।

दिनांक 13 मार्च दिन बुधवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं.: 9219805718

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### सड़क हादसों में मां- बेटे समेत चार लोग घायल

बांदा। तेज रफ्तार टेंपो पलटने से दो महिलाएं घायल हो गईं। टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। एक अन्य घटना में दो बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटे घायल हो गए। बांदा से सवारी भरकर टेंपो पैलानी की तरफ जा रहा था। तभी लामा के पास तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें सवार बुधिया (70) पत्नी श्रीपाल निवासी बड़ोखर बुजुर्ग गिरवां, कुसमा (45) पत्नी सूरजबली निवासी खिरुही खम्हरिया, महोबा घायल हो गईं। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में कर्वी निवासी लवकुश 24 पुत्र धर्मराज मंगलवार दोपहर अपनी मां सुदामा 50 को बाइक में बैठाकर मड़ौली पैलानी जा रहा था। तभी एक अन्य बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए।

### तीन दिनों तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

बांदा। शासन के निर्देश पर पावर कारपोरेशन गर्मी के मौसम में भरपूर बिजली आपूर्ति की कवायदों में जुटा है। पूरे शहर में बिछे जर्जर बिजली के तारों को बदलने का काम तेजी से किया जा रहा है। शहर में विभिन्न फीडरों में 11 हजार लाइन के जर्जर तारों को बदला जा रहा है। बुधवार से 15 मार्च (तीन दिन) तक छोटी बाजार फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 7 बजे तक बंद रहेगी।

# 16 खदानों पर 3.7 करोड़ रुपये का लगा जुर्माना

## बालू के अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग पर चला प्रशासन का डंडा, खप्टिहाकलां के दो खंडों समेत तीन खदानों में छापेमारी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही बालू के अवैध खनन, ओवरलोडिंग से लेकर अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। बालू खदानों से होने वाले अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग को लेकर जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने जिले की 16 खदानों के खिलाफ तीन करोड़ सात लाख 32 हजार 638 रुपये का जुर्माना ठोका है। जुर्माना की कार्रवाई से बालू खदानों के संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जिले में जहां प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में व्यस्त है, वहीं प्रशासन की अनदेखी का फायदा उठा कर बालू खदानों के संचालक खुलेआम अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग का खेल चला रहे हैं। इसी बीच जिलाधिकारी ने जिले के 16 बालू खदानों के संचालकों को तीन करोड़ सात लाख 32 हजार 638 रुपये जुर्माने का नोटिस जारी किया है।



बालू खदान में छापेमारी करने पहुंचे एसडीएम। अमृत विचार

नोटिस जारी होने के सात दिनों के अंदर जुर्माना की धनराशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। खनिज अधिकारी अर्जुन कुमार के मुताबिक ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन के मामले में डेस्कॉन बिल्टेक की मरौली खंड पांच पर 23 लाख 84 हजार 125 रुपये, अर्चिशा माइंस की कनवारा खंड पांच पर 91 लाख 31 हजार 901, पहलवान ट्रेडर्स की बेंदा खंड तीन पर 17 लाख 66 हजार 272, यजुर भारद्वाज की बहादुरपुर स्योंढ़ा पर 6 लाख 36 हजार 793, फाल्गुन गिरि माइन्स की दादौं खंड सात पर 31 लाख 37 हजार 393 और पहलवान ट्रेडर्स की खैरेई पर 46 हजार 447 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा डेस्कॉन बिल्टेक की बरियारी खदान के खिलाफ 21 लाख 62 हजार 985, त्रिपाठी कंस्ट्रक्शन की बदौसा खदान में 1 लाख 64 हजार 870, आरएसएचएसएम कामर्स की लहुरेटा में 76 लाख 60 हजार 775, सचिन इंटरप्राइजेज की महुटा खदान में 14 लाख 93 हजार 790, एमएस इंफ्रा डेवलपर्स की साड़ी खादर में 11 लाख 67 हजार 545, अवधेश त्रिपाठी की पथरी खदान पर 2 लाख 44 हजार 104, एसएस इंफ्राटेक की साड़ी पर 4 लाख 48 हजार 954, श्रीराम इंटरप्राइजेज की खप्टिहाकलां खदान पर 47 हजार 248 रुपये का जुर्माना ठोका है।

इसी तरह खप्टिहाकलां खदान की संचालिका दीप्ति गुप्ता पर 84 हजार 587 रुपये और यूफोरिया माइंस एंड मिनिरल्स पर 1 लाख 80 हजार 849 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जुर्माना की नोटिस के साथ ही सभी खदान संचालकों को एक सप्ताह के अंदर जुर्माना अदा करने की हिदायत दी गई है। छापामार कार्रवाई के दौरान करीब आधा सैकड़ा ओवरलोड वाहन भी सीज किए गए हैं।

### कार्रवाई से खदान संचालकों में मचा हड़कंप

- जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने बालू खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अवैध खनन पाए जाने पर जिले की तीन बालू खदानों के संचालकों को जुर्माना की नोटिस थमा दी है। जानकारी के मुताबिक पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां खंड संख्या 2 के पट्टाधारक श्रीराम इंटरप्राइजेज के के खिलाफ जारी ईएमएम-11 के सापेक्ष 277 घनमीटर बालू का अतिरिक्त खनन पाया गया। जिसकी भरपाई के लिए प्रोप्राइटर संजीव साहू को दो लाख 49 हजार 300 रुपये जुर्माना अधिरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है। ऐसे ही खप्टिहाकलां के खंड संख्या 1 में छापामारी के दौरान ईएमएम-11 के सापेक्ष 189 घनमीटर बालू का अतिरिक्त खनन मिला, जिसके लिए पट्टाधारक दीप्ति गुप्ता के खिलाफ 1 लाख 70 हजार 100 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जबकि नरैनी क्षेत्र के कोलावलरायपुर के गाटा संख्या 4 में छापामारी के दौरान जारी ईएमएम-11 के सापेक्ष 1712 घनमीटर बालू का अतिरिक्त खनन व परिवहन पाया गया। जिस पर 20 लाख 40 हजार 800 रुपये जुर्माना अधिरोपित करने की नोटिस जारी किया गया है। बालू खदानों में हो रही कार्रवाई से खदान संचालकों में खलबली मच गई है।

# शोहदे की धमकी से परेशान छात्रा ने लगाई फांसी

बांदा : शोहदे की धमकी से परेशान छात्रा ने कमरे में बास की बल्ली में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतका के पास से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा ने सोमवार सुबह कमरे के अंदर बास की बल्ली में साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद ताऊ ने देखा तो वह कमरे के अंदर फंदे पर लटक रही थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि उसकी बेटी बबेरू स्थिति इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ती थी। पड़ोसी युवक उसके साथ छेड़खानी करता था। इसी से परेशान होकर बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास से सुसाइड नोट भी पाया गया। थानाध्यक्ष श्यामबाबू शुक्ला का कहना है कि तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# आइसक्रीम फैक्ट्री में छात्र की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- शहर के कांशीराम कॉलोनी हरदौली की घटना

अमृत विचारः आइसक्रीम फैक्ट्री में संदिग्ध हालात में करंट लगने से छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री के कर्मचारी गेट में ताला डाल कर मौके से फरार हो गए। मृतक की मां का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या की गई है। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी एके दुबे मोर्चरी पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की।

शहर के कांशीराम कॉलोनी हरदौली निवासी रविनारायण (17) पुत्र सुखुआ इंटर में पढ़ता था। परीक्षा खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह पड़ोस का ही एक युवक पुलिस लाइन स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में काम कराने ले गया था। संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से मौत हो गई। फैक्ट्री के कर्मचारी आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर आए। ट्रामा सेंटर के गेट पर लिटाकर मौके से फरार हो गए। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

मृतक की मां रामकली का कहना है कि सुबह उसका पुत्र चला गया था। बाद में उसकी मौत की खबर मिली। मां ने यह भी बताया कि उसके पुत्र की बाइक दूसरे गेट में खड़ी थी और मोबाइल और चाबी दूसरे गेट पर पड़ी थी। आरोप लगाया कि उसके पुत्र की करंट लगाकर हत्या कर की गई है। मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। कोतवाली प्रभारी एके दुबे ने मां से पूछताछ की और बयान दर्ज किए।

# निबंध लिखकर मतदान का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- राजकीय महाविद्यालय में स्वीप के तहत हुई प्रतियोगिता
- छात्र-छात्राओं ने मतदान के महत्व के प्रति किया जागरूक

अमृत विचारः शासन के निर्देश पर स्वीप कार्य योजना के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। निबंध के माध्यम से छात्राओं ने मतदान और लोकतंत्र का महत्व बताया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मतदान और लोकतंत्र को लेकर व्याख्यान दिए।

जनपदवासियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने व नए मतदाता बने युवाओं को लोकतंत्र का महत्व बताने के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय के झलकारी बाई सभागार में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में मंगलवार को स्वीप के तहत 'लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें छात्राओं ने निबंध के माध्यम से छात्राओं ने मतदान और लोकतंत्र का महत्व बताया। निर्णायक मंडल में शामिल रहे डॉ. जेपी सिंह, डॉ. जयंती सिंह और डॉ. सचिन मिश्रा ने निबंधों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में कु.काशिफा खान ने पहला, रोशनी बानो ने दूसरा औरज्योति सोनी ने तीसरा स्थान पाया। स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपाली गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान को महापर्व की संज्ञा दी गई है। सभी लोगों को इसमें प्रतिभाग करते हुए स्वच्छ छवि की सरकार चुननी चाहिए।



अतिथियों के साथ निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शशिभूषण मिश्र ने कहा कि छात्राएं यदि मतदाता हैं तो लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और यदि मतदाता नहीं है तब भी इस मुहिम का हिस्सा बन घर-परिवार को आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। छात्रा रिचा रैकवार, आकांक्षा, ज्योति सोनी, शगुफ्ता कुरैशी ने चंदन और हल्दी का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. अंकिता तिवारी, डॉ. ज्योति मिश्रा, डॉ. राशिदा खान, डॉ. नीलमणि त्रिपाठी, डॉ. वीरेंद्र प्रताप चैरसिया, डॉ. विनय कुमार पटेल व डॉ. रामनरेश पाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



विकास कार्यों का शिलान्यास करते सदर विधायक। अमृत विचार

### 122 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ

बांदा। सदर विधायक व नगर पालिका चेयरमैन ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शहर के विभिन्न वार्डों व मोहल्लों में 122 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। रिफ्यूज कांपेक्टर व ट्राई रिक्शों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नगर विकास विभाग की 11000 करोड़ की परियोजनाओं के वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर पालिका परिषद में नवगठित बोर्ड के नेतृत्व में नगर के विभिन्न मोहल्लों व वार्डों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 139897657 रुपये की लागत के 122 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण पट्िकाओं का सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू व ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ने संयुक्त रूप से किया। शहर के विभिन्न वार्डों में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था व डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने तथा सड़क पर फैला कूड़ा उठाने के लिए रिफ्यूज कांपेक्टर व ट्राई रिक्शों का लोकार्पण पालिका अध्यक्ष व नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीलम चैधरी व सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने किया। नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, समाजसेवी अमित सेठ भेलू, पंकज रैकवार समेत पालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारी और सभासद उपस्थित रहे। संचालन अवधेश शर्मा ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते ओमप्रकाश त्रिपाठी। अमृत विचार

### पेयजल स्वच्छता समिति के अधिकार और कर्तव्य बताए

बांदा। अटल भूजल योजना के तहत चिन्हित सीआरपी (सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, जलवीर) का क्षमता निर्माण विषय पर आयोजित एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने पेयजल स्वच्छता समिति के अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी। साथ ही ग्राम पंचायत समितियों के गठन व कार्यों पर चर्चा हुई। बड़ोखर खुर्द ब्लाक में जिला ग्राम्य विकास संस्थान में मंगलवार को एक दिवसीय अटल भूजल योजना के तहत चिन्हित सीआरपी क्षमता निर्माण विषय पर प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिला प्रशिक्षण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत समितियों के गठन एवं उनके कार्य, पेयजल स्वच्छता समिति के अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. बृजेश सिंह ने जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर कृषि विभाग द्वारा संचाालित योजनओं खेत तालाब, सोलर योजना आदि के बारे में बताया। समाजसेवी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि जल ही जीवन है। इसे बचाने के लिए सभी को सार्थक प्रयास करना होगा। आईईसी विशेषज्ञ अखिलेश पांडेय ने जल, जल के स्रोत, जल के प्रकार, उपयोगिता, जल की उपलब्धता, जल बजट की व्यवहारिक जानकारी दी।

# स्वयंसेवकों ने ली स्वच्छता की शपथ

कार्यालय संवाददाता बांदा

अमृत विचार। राष्ट्रीय सेवा योजनाए के दिवसीय शिविर में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता की अलख जगाई। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने संपूर्ण स्वच्छता की शपथ ली। उधर, जिला परिषद कृषि महाविद्यालय एनएसएस प्रथम इकाई के तत्वाधान में बड़ोखर खुर्द गांव स्थित पंचायत भवन में आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों को पौधरोपण व वृक्षों के महत्व के बारे में बताया गया।

नरैनी रोड स्थित राजा देवी डिग्री कॉलेज में एनएसएस पहली इकाई का एक दिवसीय शिविर मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। पहले सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। साथ ही संपूर्ण स्वच्छता की शपथ ली। दूसरे सत्र में जागरूक मतदाता राष्ट्र के विकास में सहायक विषय पर आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संतोष तिवारी ने किया।



शिविर में श्रमदान करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक। अमृत विचार

- छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान

छात्रा आरती साहू, अर्चना देवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. देवेंद्र नामदेव ने सभी से मतदान का आह्वान किया। डॉ. दीप्ति द्विवेदी, नीलम गुप्ता, विवेक चैरसिया, गुलाब चंद्र, सुरेश कुमार, बिंदु शुक्ला, द्वारिका प्रसाद, संतशरण मिश्रा, ऋचा सिंह, अनुराग तिवारी, प्रेमनारायण आदि उपस्थित रहे। उधर, जिला परिषद कृषि महाविद्यालय एनएसएस प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अगुवाई में बड़ोखर खुर्द गांव स्थित पंचायत भवन में संचालित सामान्य शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रगतिशील किसान प्रेम सिंह की बगिया का भ्रमण किया। उन्हें पौधरोपण का महत्व बताया गया। इस मौके पर स्वयंसेवक मोहित, केशव, वैभव, प्रखर, प्रदीप, यश सोनी आदि मौजूद रहे।

# 2.48 करोड़ से गौराबाबा धाम का होगा सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, नरैनी

- विधायक की पहल पर शासन ने प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

अमृत विचार। क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से अतर्रा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गौराबाबा धाम को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई। इस स्थल का 2.48 करोड़ से अधिक की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसकी जानकारी शासन के उपसचिव ने पत्र जारी कर दी।



ओमममणि वर्मा।

विधायक ओमममणि वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री से मुलाकात कर व उन्हें पत्र देकर प्रसिद्ध पौराणिक स्थल गौराबाबा धाम अतर्रा के पर्यटन विकास के लिए शेड, पेयजल, पार्किंग, बेंच, सुलभ शौचालय, रंगमंच तथा यहां स्थित जलाशय के सौंदर्यीकरण की मांग 30 नवंबर 2023 को की थी, जिसकी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की सूचना 11 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश शासन के उप सचिव राजेंद्र प्रसाद ने पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर दी है।

पर्यटन विकास कार्य में कुल 2 करोड़ 48 लाख 82 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमे 9 लाख 80 हजार रुपये ललित कला अकादमी को दिए जाएंगे। क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रसिद्ध गौराबाबा धाम को विकसित कराने के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने की सूचना के बाद से क्षेत्रवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उक्त विकास कार्य की पहली किस्त के रूप में 8 लाख रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन

बांदा। भाजपा किसान मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पिछले एक माह से निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा खत्म हो गई। समापन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपना बूथ सबसे मजबूत करने पर मंथन किया। इस मौके पर मोर्चा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत हुआ।

समापन के दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के बारे में जानकारी दी गई। भाजपा किसान मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह (डीसी) का पदाधिकारियों के साथ किसानों ने स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह, किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, विजय विक्रम सिंह, श्याम बाबू पाल, रामनरेश मिश्रा, धनंजय करवरिया आदि उपस्थित रहे।

## धर्म- अध्यात्म

### शहर के रामलीला मैदान पर चल रही भागवत कथा के चौथे दिन श्रीराम-कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

# प्रभु के सत्संग से दूर होते जीवन के सभी अमंगल : नवलेश

कार्यालय संवाददाता बांदा

अमृत विचार। शहर के रामलीला मैदान प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कथा वाचक भागवतरत्न आचार्य नवलेश दीक्षित ने प्रभु का सत्संग करते हुए जीवन को मंगलमयी बनाने का आह्वान किया। कहा कि ईश्वर के नाम का सतत् जाप और भजन व कथा पर आश्रय रखने वाले मनुष्य के जीवन से सभी अमंगल दूर होते हैं।

मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य दीक्षित ने सभी कथाओं का सार भगवान के भजन और ईश्वर के नाम के सतत जप को बताया। कहा कि भगवान की कथाएं सुनने से हमे जीवन को जीने की सीख मिलती है और समाज व परिवार के प्रति दायित्वों का बोध कराती हैं।



कथा का रसपान करतीं श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा सुनाते कथा वाचक। अमृत विचार

उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीराम-कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने मंगलगीतों और बधाई के बीच भगवान का स्वागत किया। कथावाचक ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबकी लगवाई। कथा परीक्षित खुशी गिफ्ट हाउस के संचालक रज्जन गुप्ता समेत नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, पतौरा ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी, ओमप्रकाश त्रिपाठी समेत तमाम श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।

# सरकार की खामियां उजागर करेंगे सपाई

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। सपा के जोन, सेक्टर व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के साथ भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करने का आह्वान किया गया। कहा कि गांव-गांव जाकर दलितों, पिछड़ों व कमजोर वर्ग के लोगों को आगाह कर समाजवादी योजनाओं को प्रचार करें।

शहर के एक मैरिज हाल में मंगलवार को आयोजित सम्मेलन में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। सपा राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद देश और प्रदेश की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है।



सम्मेलन में सपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

- सपा का जोन, सेक्टर व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रम और झूठ की राजनीति कर रही है। ओमनारायण त्रिपाठी विदित, हाजी शकील अली, किरण यादव, उमेश यादव, नगर महासचिव पुरुषोत्तम गुप्ता, वृंदावन वैश्य, नीलम गुप्ता, शमीम बांदवी, सुनील कुशवाहा सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




सुन्नी

इफ्तार (बुधवार) 06:23 बजे | सहरी (गुरुवार) 04:56 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### खेत पर कब्जा किए जाने की डीएम से शिकायत

**महोबा।** थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी निवासी हरनारायण निवासी नंदीराम ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के दबंगों द्वारा जबरन उसकी सेक्टर संख्या 1131 की भूमि पर जुताई कर ली गई साथ ही वहां से निकले रास्ते को भी बंद कर दिया, जिससे निकलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। पीड़ित न डीएम से मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पुलिस टीमों ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी

**महोबा।** जिले में संचालित बैंकों और वित्तीय संस्थानों का पुलिस टीमों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों की बैंकों में पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की और बेवजह आने वाले लोगों को सख्ती के साथ बिना कार्य के बैंक में न आने की चेतावनी भी दी गई।

# दबंग के हमले से गुस्साए शिक्षकों ने स्कूल किया बंद

## शिक्षकों ने डीएम, एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के ग्राम बिलबई में एक ग्रामीण के आतंक से परेशान विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। जिससे मंगलवार को शिक्षण कार्य ठप रहा। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि गांव का एक दबंग व्यक्ति आए दिन कुल्हाड़ी लेकर कभी बच्चों पर तो कभी शिक्षकों पर जानलेवा हमला करने का प्रयास करता है। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और कोतवाली में शिक्षकों द्वारा कई बार तहरीर दी गई। इसके बावजूद दबंग के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर सोमवार को दबंग ने एक शिक्षक को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा दिया। शिक्षक ने स्कूल के पास बने एक घर में छिप कर जान बचाई। इस घटना से नाराज शिक्षकों ने विद्यालय में तालाबंदी कर शिक्षण कार्य ठप रखा। शिक्षक एसपी से भी मिले।

### बीएसए ने भी एसपी को भेजा पत्र

प्राथमिक विद्यालय बिलबई में कई माह से कुल्हाड़ी लेकर शिक्षकों और बच्चों पर हमला करने का प्रयास करने वाले दबंग के खिलाफ शिक्षकों द्वारा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को भी कई बार शिकायती पत्र दिया गया। आज तक कोई कार्रवाई न होने पर दबंग ने सोमवार को एक शिक्षक को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा दिया। इससे प्राथमिक शिक्षक संघ में भी खासा आक्रोश है। उधर बीएसए अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि शिक्षकों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के बाद पुलिस अधीक्षक को दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए पत्र भेजा जा चुका है, यह मामला गांव का होने के कारण पुलिस ही कार्रवाई करेगी।

गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय बिलबई में तैनात शिक्षक शिक्षण कार्य के समय डरे रहते हैं। उन्हें हर पल कुल्हाड़ी लेकर घूमने वाले दबंग का डर सताता रहता है। सोमवार की घटना के बाद सारे शिक्षक इतना भयभीत है कि मंगलवार को विद्यालय नहीं खोला और न ही शिक्षण कार्य कराया गया। बच्चे चक्कर लगाकर विद्यालय से वापस घर लौट गए। शिक्षकों ने बताया कि कई बार बीएसए और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महोबा को लिखित शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

विद्यालय के सभी शिक्षकों ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी से मुलाकात कर घटना के बाबत जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि दबंग के डर से शिक्षण कार्य नहीं करा पा रहे है। शिक्षकों ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को पत्र देकर बताया कि कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा को घटना की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# 100 फीट नीचे खदान में काम बना मौत का सबब

कार्यालय संवाददाता, महोबा


हादसे के बाद पहाड़ के नीचे निरीक्षण करने जाते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- मृतक श्रमिकों के घरों पर मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचार।** पहरा पहाड़ में 100 फीट नीचे खनन कार्य करना मजदूरों को महंगा पड़ गया, मजदूरों का गहरी खाई में खनन कार्य करना मौत का सबब बन गया। इससे श्रमिकों को टीला धसकने से अपनी जान गवानी पड़ी। खदान के अंदर भागने का कोई रास्ता होने से मजदूर मलवे में दब गए। इस घटना से मृतकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। पहाड़ के नीचे बनाई गई अन्य खदारों में काम कर रहे मजदूरों ने इस हादसे के बाद काम बंद कर दिया है। श्रमिक इस घटना से बुरी तरह सहमे हुए हैं।

मालूम हो कि पत्थर नगरी क्षेत्र में कई स्थानों पर 100 से 150 फीट गहरी खदानों में मजदूर मजदूरी कर रहे हैं। इतना ही नहीं अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बाद भी धड़ल्ले से गहरी खदानों में खनन कार्य चल रहा है।

यहां पर काम करने वाले मजदूर 24 घंटे जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। इन श्रमिकों के लिए खदानों में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं रहते हैं। कब ऊपर से बड़ी चट्टान गिर जाए या नीचे से पत्थर लेकर ऊपर चढ़ने वाला ट्रैक्टर नीचे आ जाए इससे हर समय खदारों के श्रमिकों की जान हर वक्त जोखिम में रहती है।

> पहरा पहाड़ पर काम करते समय अचानक टीला धसक जाने से श्रमिक दब गए थे, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया, दो श्रमिकों के शव मलवे बाहर निकल लिए गए, जबकि दो गंभीर रुप से घायल श्रमिक राममिल और रामफूल को जिला अस्पताल महोबा भेजा गया, जहां पर उपचार दौरान राममिलन की भी मौत हो गई। अब तक मरने वालों की संख्या तीन पहुंच गई है। रेस्क्यू आपरेशन अभी तक चलाया जा रहा है।
>
> – मुदुल चौधरी, जिलाधिकारी, महोबा

गौरतलब है कि पत्थर मंडी कबरई में अब अधिकांश पहाड़ों पर एलएनटी मशीनों से खनन कार्य होने लगा है, जिससे मजदूरों का 70 फीसदी काम छिन गया है। यही वजह है कि अब श्रमिकों की संख्या अधिक हो गई है, जिससे मजदूर जान हथेली पर लेकर भी काम करने के लिए खदानों में उतर जाते हैं और सारा दिन काम करते रहते हैं। इन श्रमिकों के माता पिता पत्नी और बच्चे भी हर पल श्रमिकों के सकुशल घर लौट आने की प्रार्थना करते हैं, लेकिन कभी कभार खदानों में हादसे होने से मजदूरों को अपनी जान गवानी पड़ती है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने भी कभी ऐसी खदान में काम करने वालों की सुरक्षा पर ध्यान ही नहीं दिया।

### जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर से लाते पत्थर

पहाड़ों पर काम करने के अलावा इन श्रमिकों ने दूसरा कोई और काम नहीं सीखा। जिससे अब 100 फीट नीचे खतरनाक काम होने के बाद भी मजदूर और ट्रैक्टर चालक पेट की आग बुझाने के लिए ऐसे कार्य करने के लिए भी मजबूर हो गया है। उल्लेखनीय है कि गहरी खदान में श्रमिकों द्वारा किया जा रहा खनन कार्य ये निकलने वाले पत्थरों को ट्रैक्टर चालक खदान के चारो तरफ गोलाई में बना तेज ढालदार रास्ते से पत्थर भरकर खदान के ऊपर ले जाते हैं। जरा सा ट्रैक्टर असंतुलित हो जाने पर खाई के नीचे गिरता है, जिससे न तो चालक बचता है और न मजदूर बचता है। फिर भी जान जोखिम में डालकर चालक और मजदूर काम कर रहे हैं।

# अतिसंवेदनशील बूथों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मतदान स्थल का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारी आचार संहिता लागू होने से पहले तैयारियों में जुटे हुए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ कबरई थाना क्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एसपी ने मानक के अनुरूप सभी सुविधाओं का जायजा लिया। जो कमी पाई उसको संबन्धित अधिकारियों को दूर कराने के निर्देश दिए

- मतदान केंद्रों की कमियों को दूर कराए जाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने कबरई थाना क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों सहित जवानों के ठहरने के लिए चिन्हित कर भौतिक सत्यापन किया गया। एसपी ने सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया, मतदान केंद्रों पर कमियां पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। कबरई क्षेत्र संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान स्थानीय लोगो से संवाद स्थापित किया गया जिसमें सभी से वार्ता कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति सहित पूर्व में हुए विवादों की समीक्षा की गयी।

एसपी ने थाना कबरई क्षेत्र पूर्व माध्यममिक विद्यालय सुरहा, कांपोजिट कन्या प्राथमिक विद्यालय मकबई सहित कई विद्यालयों में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से वार्ता में एसपी ने कहा कि चुनाव में माहौल बिगाड़ने वाले की सूचना पुलिस को दें।

# बिल जमा न करने पर 20 घरों की बत्ती काटी

संवाददाता, जैतपुर महोबा


**अमृत विचार।** बिजली बकायेदारों का सालों से बिल जमा न होने पर विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत तमाम बिजली विभाग की टीम ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा बिजली बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए और केबिल उतार ले गए। इससे बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। बिजली विभाग टीम को देखकर तमाम उपभोक्ता अपने अपने घरों में ताले डालकर इधर उधर खिसक गए।

कस्बा जैतपुर में बिजली विभाग की टीम ने मंगलवार को बैंगनपुरा, जमीदारी मुहाल अभियान चलाकर घर घर जाकर बिजली मीटर चेक किये और बिजली बिल न अदा करने वाले 20 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए तथा 25 उपभोक्ताओं से बकाया बिल भी जमा कराया जिस पर विभाग ने आज 1.7 लाख रुपए वसूल किया अवर अभियंता हरगोविंद ने बताया कि उपभोक्ताओं ने शासन द्वारा एक मुश्त समाधान योजना चला कर उपभोक्ताओं को राहत देने का काम किया था लेकिन बार-बार एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार प्रसार करने के बाद भी तमाम उपभोक्ता इसके बाद भी बिल जमा नहीं कर सके। बिजली बिल न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर कनेक्शन काटे जाएंगे। जेई हरगोविंद, टेक्नीशियन विद्युत आरएस तिवारी ,संविदा कर्मी नानी, हरचरण, जमाल अहमद, मइयादीन श्रीबास, रवि बबलू, विनोद, कृष्णकांत, रंजीत आदि रहे।

# पाइप लाइन बिछाने के चक्कर में खोदी गई सड़क बन गई तालाब

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के कराए जा रहे कार्य के ठेकेदारों द्वारा जेसीबी से खोदी गई हरिजन बस्ती की सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने से सड़क पर बह रहे गंदा पानी ने तालाब का रूप ले लिया है। इससे लोगों का मार्ग पर चलना दूभर हो गया है। कीचड़युक्त मार्ग हो जाने से लोग कई किमी घूम कर दूसरे मार्गो से आ जा रहे हैं। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सड़क की मरम्मत कराए जाने की गुहार लगाई है।


गंदा पानी भरने से सड़क बनी दलदल।

विकासखंड पनवाड़ी के अंतर्गत ग्राम लोहरगांव के रघुवीर, जाहिर, उदय प्रकाश, हरबाई, जानकी, नृपत, वन्दना, वीरू आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद को शिकायती पत्र सौंपा। एडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में नमामि गंगे योजना के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए जेसीबी मशीन से नालियों की खुदाई कराई गई थी, जिसमें कुछ सड़कों की मरम्मत करा दी गई है, लेकिन हरिजन बस्ती वाली सड़क को आज तक ठीक नहीं कराया गया है, जिस कारण गंदा पानी जमा हो जाने के कारण सड़क ने नाला जैसा रूप ले लिया है। ग्रामीणों को आवागम में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं।

कीचड़ व गंदा पानी से भरी सड़क से बीमारियों का खतरा पैदा हो रहा है। बताया जाता है कि नमामि गंगे योजना के ठेकेदारों द्वारा गांव में पाइप लाइन डालने के कारण सड़कों की खुदाई कर मरम्मत नहीं कराई जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आए दिन ऐसी शिकायतें आती रहती हैं। लोहरगांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ से कीचड़ युक्त सड़क को मरम्मत कराए जाने की गुहार लगाई है।

# थ्रेसर पलट जाने से किसान दबकर हुआ घायल

**पौथिया, हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सहजना गांव निवासी किसान रामसेवक (60) बैठका बजरंगी बाबा मंदिर के निकट अपने खेत में कटी हुई लाही की फसल की कतराईं करने के बाद ट्रैक्टर व थ्रेसर लेकर वापस घर जा रहा था। ट्रैक्टर गांव निवासी मुन्नू चला रहा था। तभी खेत की मेड़ से ट्रैक्टर थ्रेसर निकाल रहे थे। रास्ता खराब होने से थ्रेसर का बैलेंस बिगड़ गया और थ्रेसर पलट गया। इससे किसान रामसेवक दब गया। शोर शराबा सुनकर आस पास खेतों में काम रहे किसानों ने उसे बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। किसान अविवाहित हैं टैक्टर गांव निवासी मुन्नू सचान चला रहा था।

# शिक्षकों ने प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित के नेतृत्व में मंगलवार को एक सैकड़ा शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया और 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी डा0 अजय कुमार मिश्रा को सौंपा। शिक्षकों पर मोबाइल सिम खरीदे के लिए विभाग द्वारा कहा जा रहा है, जबकि अभी तक कई विद्यालयों को टैबलेट वितरित नहीं किए गए हैं, इसके बावजूद उन पर आनलाइन हाजिरी का शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है, शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है।


बीएसए कार्यालय के बाहर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक।

बीएसए को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली के साथ साथ कैश लेस चिकित्सा सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा की दिलाई जाए। ज्ञापन में योग्यताधारी शिक्षामित्रों को शिक्षक पद पर समायोजित करने के लिए नियमों को शिथिल कर समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत की मांग उठाते हुए अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय, अवकाश के दिन काम करने पर प्रतिकर अवकाश की मांग की गई। छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती करने सहित शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए। बताया कि विभाग द्वारा उलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से छात्रों की उपस्थिति तथा माध्यान्ह भोजन की सूचना आनलाइन भेजने का भी दबाव बनाया जा रहा है।

- उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने 16 सूत्रीय ज्ञापन बीएसए को देकर उठाई मांग

ज्ञापन में कहा गया कि अगर ऑनलाइन हाजिरी के नियम को वापस नहीं लिया गया तो संगठन आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन करेगा और मांगे पूरी न होने तक उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शांत नहीं बैठेगा। राजीव तिवारी, सुनील पाठक, रामबाबू कुशवाहा, पंकज बिंदुआ, जगदीश अनुरागी, गिरिश कुमार, संध्या त्रिपाठी, पुष्पेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, दिलीप शुक्ला, रामबाबू सेन, कामता प्रसाद, शैलेंद्र खरे रहे।

# हाईटेंशन लाइन से हार्वेस्टर चालक झुलसा, गंभीर

**महोबा।** थाना चरखारी के ग्राम अठकौहां के समीप खेत पर कटाई करते समय हार्वेस्टर चालक हाईटेंशन लाइनकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस हो गया, जिससे आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी चरखारी पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए दरेफर किया गया। ग्राम अठकौहां के एक खेत दयाशंकर (45) पुत्र रामकुमार हार्वेस्टर मशीन चला रहा था, तभी ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन से हार्वेस्टर पर करंट उतर गया, जिससे चालक बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों की सूचना पर बिजली बंद कराई गई और घायल को सीएचसी चरखारी ले जाया गया, जहां से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ढाई करोड़ रुपये से शहर में विकास कर बदलेंगे तस्वीर


बोर्ड की बैठक में मौजूद पालिका अध्यक्ष व सभासद। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सांसद ने निर्माण कार्यों के लिए निधि जारी करने के निर्देश दिए लापरवाही न करने को कहा

**अमृत विचार।** नगर पालिका सभागार में मंगलवार को बोर्ड की बैठक में सांसद निधि के अंतर्गत लगभग ढाई करोड़ की लागत से कई विकास कार्य कराएं जाने का फैसला लिया गया। इन कार्यो में ध्यान साधना भवन निर्माण, आल्हा गायन संस्कृति कला केंद्र का निर्माण, पुसतकालय का निर्माण, रिटेनिंग वाल का निर्माण, फॉरेस्ट कन्जर्वेशन इन्फ्रास्ट्रेक्चर का निर्माण मदन सागर तालाब के किनारे घाट का निर्माण कराया जाएगा। सांसद ने निर्माण कार्यों के लिए धनराशि रिलीज करने के मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

नगर में सांसद निधि से कंठेश्वर मंदिर के पास ध्यान साधना भवन का निर्माण, मकनियापुरा में वृद्धाश्रम के पास आल्हा गायन संस्कृति कला केन्द्र का निर्माण, चन्द्रिका देवी के पास पुस्तकालय का निर्माण, कंठेश्वर मन्दिर के पास रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य, बलखण्डेश्वर मंदिर के पास फॉरेस्ट कन्जर्वेशन इन्फ्रास्ट्रेक्चर का निर्माण, चौबीस जैन तीर्थाकंर के पास तालाब के किनारे घाट का निर्माण कार्य, बलखण्डेश्वर मन्दिर के पीछे सांस्कृतिक एमपी थियेटर का निर्माण कार्य एवं शेखूनगर में सविता सेन समाज सेवा समिति की धर्मशाला में सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी महोबा ने अपने पत्र के माध्यम से पालिका से भूमि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया।

नगर में आम जनमानस की सुविधाओं के दृष्टिगत पालिका बोर्ड बैठक में उपस्थित सम्मानित सभासदगणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नगर में विकास को गति प्रदान करने में अहम योगदान किया। पालिकाध्यक्ष सन्तोष चौरसिया ने बताया कि जनपद मुख्यालय में सांसद निधि से लगभग ढाई करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य होने से नगर का चहुमुखी विकास होगा और नगर की सुन्दरता में चार चांद भी लगेगें। उन्होंने बताया कि सांसद निधि से संस्कृति कला केन्द्र, पुस्तकालय, सांस्कृतिक एमपी थियेटर आदि का निर्माण होने पर नगर वासियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगें। बैठक में सभासदगण एवं अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव, लेखाकार अरूण कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

# खरीद केन्द्र प्रभारियों को मंडी सचिव ने दिए निर्देश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंडी सचिव ने मंडी कार्यालय में गेहूं खरीद केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नवीन गल्ला मंडी के सचिव ब्रजेश कुमार निगम के मेडिकल अवकाश में जाने के बाद लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर नितिन कुमार गौतम को मंडी सचिव का चार्ज दिया गया है। इनके पास कुरारा के अलावा जालौन जनपद की कदौरा मंडी का भी चार्ज है। सोमवार को देर रात इन्होंने चार्ज संभालने के बाद मंगलवार को इन्होंने नवीन गल्ला मंडी में संचालित होने वाले गेहूं खरीद केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक करके शासन के निर्देशों से अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- नैफेड व भारतीय खाद्य निगम ने कर्मचारियों का अभाव बताकर अभी केंद्र नहीं खोले

उन्होंने बताया कि इस वर्ष नवीन गल्ला मंडी में पांच गेहूं खरीद केंद्र संचालित होने हैं।

इनमें क्रय विक्रय, विपणन शाखा, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र, नैफेड, भारतीय खाद्य निगम शामिल है। क्रय विक्रय, पीसीएफ, विपणन शाखा के केंद्र खुल चुके हैं जबकि नैफेड एवं भारतीय खाद्य निगम ने कर्मचारियों का अभाव बताकर अभी तक केंद्र नहीं खोले हैं। बैठक में क्रय विक्रय प्रभारी शुभम त्रिपाठी, पीसीएफ के प्रभारी शिव सिंह, विपणन शाखा के रणजीत सिंह, मंडी के लिपिक राकेश कुमार वर्मा, कुलदीप गुप्ता के अलावा अन्य कर्मी मौजूद रहे।

**माह-ए-रमजान** पहले रोजे के साथ शुरू हुआ रहमत का पहला अशरा

# बुराइयों से दूर रहकर रोजेदार करते इबादत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान की खास अहमियत होती है। रमजान-उल-मुबारक के पूरे माह अकीदतमंद रोजे रखकर तरावीह और नमाजों को पाबंदी के साथ अदा करते हैं। रमजान माह इस्लाम का पाक महीना है, लोग सभी प्रकार की बुराइयों से दूर होकर पूरे माह अल्लाह की इबादत तिलावत कर गुजारते हैं, वहीं, अल्लाह अपने बंदों को रहमत और बरकत अता करता है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे माह सूरज निकलने से लेकर सूरज के ढलने तक रोजा रखकर नेक काम करने में मशगूल रहते हैं।

रमजान का पाक महीना शुरु होते ही मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहला रोजा रखने के लिए समयानुसार सहरी कर रोजे की नियत की और आजान के बाद रोजदार फजिर की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में पहुंच गए, जिसके चलते नमाजियों से मस्जिदें गुलजार नजर आई। नमाज के बाद लोगों ने कुरान की तिलावत की। वहीं महिलाओं ने घरों में नमाज अदा कर अल्लाह से खैरो बरकत की दुआएं मांगी। मंगलवार को रोजा की हालत में महिलाएं घरेलू काम में जुट गई, तो वहीं पुरुष भी अपने अपने कार्य स्थल के लिए चले गए।


पहले रोजे में नमाज के लिए लगी नमाजियों की भीड़। अमृत विचार

हाफिज राहत रजा बताते हैं कि इस्लाम के मुताबिक, पूरे रमजान को तीन हिस्सों में बांटा गया है, इसमें पहला अशरा यानी माह के दस दिन, दूसरा और तीसरा अशरा भी इसी तरह दस दिन का होता है। बताया कि पहला अशरा रहमत का होता है, दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि रमजान के पहले रोजे के साथ पहला अशरा रहमत का शुरू हो गया, जो दसवें रोजे तक चलेगा। इस अशरे में सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा दान कर के गरीब-मजलूमों की मदद करनी चाहिए। हर एक इंसान से प्यार और नम्रता का व्यवहार जरूर करना चाहिए।

# हाईवे पर लगने वाला जाम हर हाल में रोकें: डीएम

## यमुना व बेतवा पुल पर पुलिस और रानी लक्ष्मीबाई चौराहा पर हाइड्रा खड़ी हो, ओवरटेक कर जाम लगाने वाले वाहन पकड़ें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** हाईवे पर लग रहे जाम से हर कोई परेशान है। रविवार को जाम में फंसने से बच्ची की घटना के बाद अफसरों की नींद टूटी। जिलाधिकारी राहुल पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने सड़क सुरक्षा समिति की विशेष बैठक बुलाई और जाम से निजात दिलाने पर चर्चा की।

जिलाधिकारी ने हाईवे पर लग रहे जाम के कारणों की समीक्षा करते हुए कहा कि यमुना व बेतवा नदी के पुलों पर जाम से निपटने के लिए, यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें सक्रिय की जाएं। ओवरटेक करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं हाईवे किनारे संचालित ढाबों पर खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने हाईवे पर टोल वसूलने वाली पीएनसी कंपनी के अधिकारियों को एक हाइड्रा शहर के रानी लक्ष्मीबाई चौराहा पर खड़ा रखने को कहा। उन्होंने जाम के कारण आमजन को होने वाली परेशानियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि जाम की समस्या हर हाल में निपटनी चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक माया राम वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ राजेश कमल, अधिशासी अभियंता लोनिवि एमएल वर्मा, एआरटीओ तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक लेते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

### जाम के चलते दुधमुंही बच्ची की चली गई थी जान

**हमीरपुर।** कानपुर-सागर हाईवे अक्सर लगने वाले जाम से लोग हलकान हैं। बीते रविवार को दिन भर जाम से हाईवे जूझता रहा। यातायात पुलिस जाम खुलवाने में जुटी रही। वहीं जाम में जिला अस्पताल जा रहे पिता की बाइक यमुना पुल पर फंसने से उसकी बीमार दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई। मां के रोने बिलखते देख राहगीरों की आंखें नम हो गईं। बीते रविवार को सुबह से लेकर शाम तक यातायात रेंगता रहा है। कभी खुलता तो कभी लग जाता। जाम की वजह से बसें अपने गंतव्य तक घंटों देरी से पहुंचीं। वहीं अन्य वाहनों से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात कर्मी व पुलिस बल जाम खुलवाने में जुटा रहा। जनपद कानपुर देहात के थाना मूसानगर के किसवा गांव निवासी संदेश बाइक से पत्नी अनीता के साथ एक माह की बीमार दुधमुंही बच्ची को लेकर जिला अस्पताल इलाज कराने आए रहा था। तभी यमुना पुल पर भीषण जाम में फंस गया था।

### बेतवा पुल के कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

**हमीरपुर।** एनएच 34 पर लग रहे जाम को लेकर पिछले 2019 सेतु निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं की हमीरपुर बाईपास पर कराए जा रहे कार्य की समीक्षा की। बेतवा पुल पर कार्य के धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा विभागाध्यक्षों को पत्र लिखने को कहा। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने सेतु निगम के अधिशासी अभियंता से कहा कि इस पुल का कार्य की स्वीकृति मार्च 2021 में मिल गई थी। तो इसका कंप्लीशन मार्च 2025 में क्यों दिखाया जा रहा है। अभी तक इसका कार्य पूर्ण क्यों नहीं हुआ। इस पर अधिशासी अभियंता सेतु निगम ने बताया कि पुल की छत बनकर तैयार है। किंतु एप्रोच मार्ग पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाकर नहीं दिया गया है। जिसके कारण कार्य अवरुद्ध है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने कहा कि खनिज विभाग द्वारा मिट्टी की स्वीकृति न मिलने के कारण एप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं अपर जिलाधिकारी को इन दोनों विभागों की धीमी कार्यशैली के विरुद्ध उनके विभाग अध्यक्षों को पत्र लिखने को कहा। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को तत्काल सड़क का कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा, जिससे कि पुल की छत पूर्ण की जा सके।

## शहर में बाईपास का निर्माण नहीं हुआ पूरा

- समानांतर पुलों के लिए मिट्टी भराई का काम अटका, खनन की स्वीकृति नहीं मिल रही
- सेतु निगम कर रहा है रोहाइन नाला बाईपास का निर्माण 302 करोड़ रुपये है लागत

**हमीरपुर।** शहर के दूसरे छोर पर बाईपास बनाने का काम मूर्त रूप नहीं ले पा रहा है। 302 करोड़ की लागत से यमुना, बेतवा नदियों सहित रोहाइन नाला में समानांतर पुलों का निर्माण कार्यदायी संस्था सेतु निगम करा रहा है लेकिन पुलों के नीचे व एप्रोच मार्ग पर मिट्टी भराई कार्य लोनिवि के जिम्मे है। माइनिंग ऑफिसर द्वारा खनन की स्वीकृति न देने से 1.3 किमी मिट्टी भराई का कार्य अटका है। हालांकि कार्यदायी संस्था मार्च 2025 तक बाईपास तैयार करने का दावा कर रहा है। इससे जनपदवासियों को एक साल अभी और जाम व दुर्घटनाओं से दो-चार होना पड़ेगा।

कानपुर- सागर हाईवे में आए दिन लग रहे जाम व हादसों को रोकने के लिए शहर के सिटी फॉरेस्ट के पास दोनों नदियों यमुना व बेतवा व रोहाइन नाला पर समानांतर नए पुलों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शासन ने कार्यदायी संस्था सेतु निगम को 302 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की है। पिछले कई साल से चल रहे निर्माण का 72 फीसदी कार्य पूरा हो सका है। जिसमें मिट्टी भराई का काम लोनिवि को दिया गया है। अभी भी 1.3 किमी में मिट्टी भराई का काम महीनों से अटका है। जिसको लेकर कार्यदायी संस्था ने कई बार लोनिवि को पत्राचार भी किया है। जिसपर लोनिवि का कहना है कि माइनिंग ऑफिसर उन्हें मिट्टी उठाने की स्वीकृति नहीं दे रहे हैं। जिससे कार्य में विलंब हो रहा है। हालांकि कार्यदायी संस्था मार्च 2025 तक पुल तैयार कर देने का दावा कर रहा है। इस बाईपास के बनने से हमीरपुर-कालपी व कानपुर-महोबा से गुजरने वाले भारी वाहनों का प्रवेश शहर के अंदर नहीं होगा। इससे काफी हद तक जाम की समस्या व दुर्घटनाओं से छुटकारा मिलेगा।



निर्माणाधीन बेतवा नदी पुल। अमृत विचार

मिट्टी भराई का टेंडर साईं इन्फ्रा फर्म को मिला है। माइनिंग आफीसर द्वारा स्वीकृति न दिए जाने से काम में विलंब हो रहा है। जल्द ही मिट्टी की भराई कराई जाएगी।
–एमएल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग

पुलों का 72 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। अवशेष कार्य मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। मिट्टी भराई का कार्य लोनिवि को कराना है। करीब 1.3 किलो मीटर मिट्टी भराई का काम अटका है। इसके लिए विभाग को पत्राचार किया गया है।
–आफताब रसूल, उप परियोजना निदेशक सेतु निगम

### 2016 में बना था प्रस्ताव

जून 2016 में ओवरलोड ट्रकों के कारण यमुना पुल दरकने से एक माह तक कानपुर व लखनऊ का हमीरपुर से संपर्क टूट गया था। तत्कालीन डीएम संध्या तिवारी ने नया पुल बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कराया था। वर्ष 2017 में बेतवा, यमुना, रोहाइन नाला बाईपास परियोजना को हरी झंडी शासन से मिली थी। परियोजना के तहत जनपद कानपुर के रामपुर तिराहा के पास से यमुना व बेतवा नदी पर फोरलेन पुल बनाए जा रहे हैं। इसे सिटी फॉरेस्ट होते हुए बेतवा नदी पार कुछेछा कुछेछा गांव के पास एनएच-34 के किमी 67 से जोड़ा जा रहा है। दोनों नदियों में कुल 62 कोठियां बननी हैं। जिसमें बेतवा में 28 व यमुना में 34 कोठियां बनाई जानी हैं।

## पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके की निवासी महिला अर्चना ने बताया कि उसका पति भूपेंद्र अत्यधिक शराब पीने का लती है। घर गृहस्थी के लिए राशन आदि भी नहीं लाता है। बताया कि जब शराब पीने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज कर बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। घायल महिला ने कोतवाली में शिकायत करने की बात कही है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# मौदहा में विकास के नाम पर बढ़ाया गया गृह कर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- गृहकर बढ़ने के साथ ही गरीबों पर जल कर का भार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद ने विकास के नाम पर भारी भरकम गृह कर लगाया है। इससे न सिर्फ गृह कर देना होगा। बल्कि आम जनमानस को जल कर के दायरे में भी लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात यह है कि नगर के कच्चे से लेकर भारी भरकम भवनों तक बढ़ाए गए भारी भरकम टैक्स का न तो पालिका के किसी भी सदस्य ने कोई संशोधन प्रस्तुत किया और न ही इस बार कोई विचार विमर्श हुआ। विकास के लिए कर बढ़ोतरी आवश्यक है। लेकिन किस पर कितना कर लगे इस बात का मंथन होना भी नगर की सरकार का काम है। जो नहीं हो सका। अब सबसे कम 100 रुपया गृहकर होगा। यहां तक कांशीराम कॉलोनी और प्रधानमंत्री आवास तथा कच्ची झोपड़ियों पर भी कम से कम 100 रुपये कर देना ही होगा।

नगर पालिका परिषद में शाम तक चली बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि कच्चे मकान और कांशीराम कॉलोनी के आवास तथा प्रधानमंत्री कॉलोनी जो लोगों को दी गई है। इनमें कम से कम 100 रुपये और आधे पक्के , आधे कच्चे भवनों पर 200 रुपये , पक्के भवन जो सिंगल स्टोरी हैं उनमें 300 और डबल स्टोरी में इससे अधिक और ट्रिपल स्टोरी में भी इससे अधिक बहुत अधिक क्रमवार की गई है। नगर के लोगों को कम टैक्स के लिए पहले यही जनप्रतिनिधि लड़ाई लड़ते थे। कस्बे के लोगों को जल कर घेरे में ला दिया। इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियंता विश्लेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी आमदनी बढ़ेगी और अब जनता को पानी की सुविधा दे सकेंगे। हर व्यक्ति जलकर के दायरे में होगा। इस मामले में नगर के कुछ समाजसेवी, राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। जिसमें हिंदूवादी नेता आशीष सिंह अल्लू ने कहा कि यह गरीबों के ऊपर ज्यादती है जो लोग जनता की लड़ाई लड़ते थे। अब शासक बनकर वही लोग एक तरफा हर आदमी पर ऐसा टैक्स लगा रहे हैं कि उनको आपत्ति करने का भी अवसर नहीं रहेगा। जो अनुचित है और इसके लिए वह जनमानस के साथ लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस के आशाराम ने इसे अनुचित करार देते हुए कहा कि अभी तक 20 और 25 और 28 रुपये तक टैक्स गरीबों पर लगता था जो जलकर के दायरे से बाहर हो जाते थे और उतना भी देना उनको आसान नहीं होता था। टैक्स विकास के लिए बढ़ाना चाहिए।

# लोडर से टकराई बाइक, दो लोगों की चली गई जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में उस समय शादी की खुशियों को ग्रहण लग गया। जब दूल्हे का भतीजा और रिश्तेदार सहित उनके एक दोस्त की बाइक, डीजे लदे लोडर से टकरा गई। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरा युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

कस्बे के देवी चौराहा निवासी राकेश साहू के भाई की शादी कस्बे के एक गेस्ट हाउस से हो रही थी। चारों ओर हर्ष का माहौल था और सभी रिश्तेदार गेस्ट हाउस और घर आना जाना कर रहे थे। समय के अनुसार बारात निकलने के बाद चारों ओर खुशियों का माहौल बना हुआ था और इसी बीच राकेश का पुत्र हिमांशु (18) अपने मित्र पूर्वी तरौस निवासी संदीप अनुरागी (18) पुत्र हरिराम और एक करीबी रिश्तेदार मध्यप्रदेश के जौरही निवासी सचिन (18) पुत्र प्रमोद के साथ बाइक से गेस्ट हाउस से किसी काम से घर आ रहे थे। तभी देवी चौराहे के निकट मंगलवार को तड़के करीब तीन बजे बारात से वापस लौटकर आए सड़क किनारे खड़े डीजे लदे लोडर से तेज रफ्तार बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवा गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक के परखचे उड़ गए। परिजनों और रिश्तेदारों ने सभी घायलों को आनन- फानन में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने संदीप और हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सचिन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर भेजा गया है। जहां पर वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। मृतक संदीप अपने परिवार में इकलौता बेटा था जबकि हिमांशु अपने परिवार में दो भाइयों में बड़ा था शादी के घर में हुए इस हादसे में जहां शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी में गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार



हिमांशु और संदीप।

### हादसों में दो घायल

**मौदहा।** अलग- अलग हादसों में मवई खुर्द निवासी अशोक (32) पुत्र राम अवतार और चमरखन्ना निवासी बिट्टन (45) पत्नी रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से दोनों को गंभीर चोट के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## प्रवेश परीक्षा को पारदर्शिता के साथ कराएं: डीएम

**हमीरपुर।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में विभिन्न कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्रों को प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा पारदर्शिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी को सीटों की रिक्तियों के सापेक्ष मेधावी बच्चों के अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए।





सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनशन पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनशन शुरू

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रदेश सरकार गड्ढा मुक्त अभियान का दावा कर रही है, लेकिन ऐसा है नहीं। ग्रामीणों को दो किलोमीटर सड़क के लिए अनशन करना पड़ रहा है।

विकास खंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र गऊघाट छानी के मजरा परसदवा डेरा में देश की आजादी से लेकर आज तक सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंची हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कभी- कभी तो गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाने के पहले ही उसकी मौत हो जाती है जबकि बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी रास्ता नहीं होने के कारण बच्चे पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा दशकों से इस मांग को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से उठाया जाता रहा है, लेकिन हर बार ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड नवनिर्माण सेना की अगुवाई में उपजिलाधिकारी को अवगत कराने के बाद गांव में ही अनशन शुरू कर दिया है। हालांकि ग्रामीणों ने अपनी मांग पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा।

पुण्यतिथि | डॉ . भवानीदीन ने कहा– उनके संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता है

# संघर्ष के साक्षी भगवान दास को श्रद्धांजलि दी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आजादी के संघर्ष के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत साहित्य और संघर्ष के साक्षी भगवान दास माहौर की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि माहौर जी सच्चे अर्थों में मां भारती के एक देशपरायण पुरोधा थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 27 फरवरी 1909 को झांसी के बडौनी गांव रामचरन माहौर के यहां हुआ था। ये प्रारंभ से राष्ट्रीय सोच के थे। 17 वर्ष की उम्र से ये क्रांतिधर्मी हो गये थे, इन्हें भुसावल बम षडयंत्र के नायक भी माना जाता है। महान देशभक्त शचीन्द्रनाथ बख्शी इन्हें क्रांति के क्षेत्र में लाये थे। ये चन्द्रशेखर आजाद और भगत सिंह व विजय कुमार सिन्हा के सच्चे दोस्त थे। ये लगभग एक दशक तक जेलसेवी रहे। 1942 के बाद जेल से मुक्त हुये। अधूरी अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाया और आगरा विश्वविद्यालय से शोध उपाधि प्राप्त की। वह झांसी विश्वविद्यालय के बीकेडी कॉलेज में हिन्दी विभाग में प्रोफेसर रहे। आजादी के संघर्ष की कई पुस्तकें लिखी। 12 मार्च 1979 को लखनऊ में इनका निधन हो गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, प्रेम सागर प्रजापति, सिद्धा, बाबूलाल, रिचा, भोलू सिह आदि मौजूद रहे।



पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार



कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ .भवानीदीन।

## सार-संक्षेप



सीडीपीओ को ज्ञापन देने जाते गहुली गांव के ग्रामीण। अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री नहीं बांट रहीं पोषाहार

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के गहुली गांव के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पोषाहार न देने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गहुली गांव के शिव प्रसाद, ध्रुराम, सुरेश कुमार, प्रेमचंद्र सहित सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पोषाहार नहीं देती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री दो माह में एक बार पोषाहार में किसी को दलिया, किसी को चने की दाल व रिफाइंड तेल देती हैं। कभी किसी लाभार्थी को पूरा पोषाहार नहीं दिया जाता है। अगर ग्रामीण पूछते है कि इस माह पोषाहार क्यों नहीं दिया तो झूठे मुकदमें व एफआईआर की धमकी देती है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। बाल विकास परियोजना अधिकारी योगेंद्र दुबे ने बताया कि प्रार्थना पत्र आया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करतीं एनएसएस छात्राएं।

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया जल संरक्षण का संदेश

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई दो द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सूरजपुर में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीराज खान के दिशा निर्देश में जल संरक्षण विषय पर रैली निकाली गई और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि जल बर्बादी के क्या-क्या कारण हैं तथा इसके दुष्प्रभाव क्या-क्या हो सकते हैं। कहा जल की बर्बादी रोकना जरूरी है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में जल संरक्षण के महत्व पर एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा रैली भी निकल गई| नुक्कड़ नाटक की सुंदर प्रस्तुति रूबी, गार्गी, मुस्कान, रचना, नेहा, आयशा, एवं गार्गी द्वारा की गई।



पत्रकारों से वार्ता करते राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद।

### प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को देखा

**हमीरपुर।** रेलवे स्टेशन हमीरपुर रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेडआरयूसीसी एनसीआर जोन सदस्य अशोक तिवारी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले के प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव शुक्ला, पावर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी संतोष व रेलवे के झांसी मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बाबूराम निषाद ने ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के चतुर्मुखी विकास में रेलवे में अभूतपूर्व कार्यों का विस्तार किया है। रेलवे ट्रैक, रेलवे पुल, रेलवे अंडरब्रिज, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण तथा साफ- सफाई व प्रकाश की व्यवस्था को सुधार करने में मील का पत्थर साबित हुए। आज देश चारों तरफ प्रगति के द्वार खोल रहा है। अंत में लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया।



मटर की फसल समेटने में जुटे मजदूर।

### ओलावृष्टि से नष्ट फसलों को समेटने में जुटे किसान

**पौथिया (हमीरपुर)।** ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों को इकट्ठा कराने में पसीना छूट रहा है। पूरी तरह बर्बाद हो चुकी फसलों को समेटने में जितनी मजदूरी देनी पड़ रही है। उतना अनाज फसलों से नहीं निकल रहा है। उधर, मौसम विभाग ने फिर द्वारा चेतावनी जारी की जा चुकी है। जिसमें बुधवार व गुरुवार को बारिश व ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। इस वर्ष किसान कुदरत की मार से कराह उठा है। किसानों की मटर, चना, मसूर, अलसी, गेहूं की फसलें नष्ट हो चुकी हैं। वहीं बची खुची फसलों को मजदूरों से इकट्ठा कराने में लगे हुए हैं। कलौलीजार के किसान हरदेव सिंह ने बताया कि एक बीघे मटर फसल में मात्र पचास किलो ही मटर पैदा हुआ है। पिछले वर्ष फसल कटाई ठेके में देते थे। लेकिन इस बार मजदूरों की मजदूरी भी नहीं निकल रही है। इसलिए तीन सौ रुपये मजदूरी देकर फ़सल को सिमटवा रहे हैं। किसान रामबाबू ने बताया कुम्हउपुर से चौदह मजदूर बुलाकर मटर की फसल कटवाने में लगे हैं। एक दिन में 42 सौ रुपये मजदूरों को देते हैं। पैदावार के नाम खाद बीज भी नहीं निकल रहा है। लेकिन बचीं हुई फसल को खेतों से समेटना ही पड़ेगा। कहते हैं मौसम विभाग फिर से बुधवार और गुरुवार को बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना जता रहा है।

### कुछेछा में बनेगी रोडवेज डिपो की कार्यशाला, शिलान्यास

**हमीरपुर।** सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति के प्रयास से परिवहन विभाग 7 करोड़ 44 लाख की धनराशि से कुछेछा में डिपो कार्यशाला का निर्माण कराएगा। जिसका मंगलवार को शिलान्यास किया गया। सदर विधायक डॉ .मनोज कुमार प्रजापति ने परिवहन मंत्री को प्रस्ताव देकर कुछेछा में हमीरपुर डिपो की कार्यशाला बनाए जाने का आग्रह किया था। परिवहन मंत्री ने विधायक के प्रस्ताव पर अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए थे। विगत दिनों परिवहन विभाग ने कार्यशाला की भूमि की नाप जोख करके 7 करोड़ 44 लाख की स्वीकृत प्रदान की थी। मंगलवार को राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर आरएम बांदा, एआरएम आदि मौजूद रहे।

### बड़ों के साथ बच्चों ने भी रखा रोजा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** रमजान की शुरुआत मंगलवार से हुई। बड़ों के साथ बच्चों ने पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। मंगलवार को सुबह सहरी कर अकीदतमंदों ने रोजा रखा। ईदगाह मोहल्ले के छह नौनिहालों ने भी अल्लाह को राजी करने के लिए पहली बार रोजा रखा है। इसमें मुर्शीद अहमद, अरबीरा, बिलाल, अब्दुल्ला, मिराज व अलीमुद्दीन ने पहला रोजा रखकर रखा। बच्चों ने बताया कि उन्होंने अल्लाह की इबादत के लिए रोजा रखा है।

### युवकों ने पूरे परिवार को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। युवक को पिटता हुआ देखकर उसे बचाने के लिए दौड़े परिवार के अन्य सदस्यों को भी दबंगों ने जमकर पीटा। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव की निवासी महिला शकुंतला पत्नी शिवनाथ नागर ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका देवर घनश्याम पुत्र भोगीराम अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव के ही चार युवक उसके पास आकर गाली- गलौज करते हुए पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की।

# लक्ष्य के सापेक्ष क्रय किया जाए गेहूं : जिलाधिकारी

## डीएम ने गेहूं क्रय के संबंध में प्रभारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता उरई(जालौन)



बैठक में मातहतों को दिशा-निर्देश देते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में गेहूं खरीद वित्तीय वर्ष 2024-25 के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई और जिलाधिकारी ने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं क्रय किया जाये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गेहूं खरीद हेतु अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों का 20 मार्च 2024 तक शत प्रतिशत पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, इसके लिये समस्त केन्द्र प्रभारियों को गांव आवंटित कर दिये जायें, जिससे किसानों का पंजीकरण आसानी से किया जा सके। उन्होंने क्षेत्र एवं केन्द्रवार लक्ष्य को निर्धारित कर गेहूं खरीद में वृद्धि लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के सापेक्ष प्रति क्विंटल पर 150 रुपये की वृद्धि हुयी हैं, गेहूं का समर्थन मूल्य 2024-25 में 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकृत

● **किसानों का 20 मार्च तक शत प्रतिशत पंजीकरण कराएं**

किसान अपने नजीदीकी क्रय केन्द्र पर विक्रय करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों की आय दोगुनी हो इसके लिये बिचैलियों से बचे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मुनाफा हो, इसलिये किसान नजदीकी क्रय केन्द्र पर विक्रय हेतु गेहूं पहुंचायें। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने कहा कि जनपद में 99,000 मैक्ट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि गेहूं क्रय योजना 01 मार्च 2024 से शुरू हो चुकी है इसके लिये जनपद में 81 क्रय केन्द्र स्वीकृत हैं, जिसके सापेक्ष 61 क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं, जनपद में अब तक 58 केन्द्र संचालित किये जा चुके हैं, शेष आवश्यकतानुसार स्थापित करा दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गेहूं विक्रय करने वाले किसानों का पंजीकरण खाद्य विभाग के पोर्टल, जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, मोबाईल फोन से एप के माध्यम से किसान स्वयं भी आनलाईन पंजीकरण करा सकता हैं।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संजय कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोविन्द कुमार उपाध्याय, समस्त गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारी, आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)




अधीनस्थों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कार्मिक प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री, यातायात प्रबन्धन, कम्प्यूटर, स्वीप, कानून व्यवस्था, ईवीएम प्रबन्धन, आदर्श आचार संहिता, पोस्टल बैलेट पेपर, कम्युनिकेशन प्लान, रूट चार्ट, कंट्रोल रूम, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी समेत अन्य अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गये हैं, जोकि निर्वाचन कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण से लेकर मतदान के दिन तक मास्टर ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है, जितना अच्छा प्रशिक्षण होगा मतदान उतना ही सुगम होगा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी को मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के प्रारूप एवं अन्य सामग्री दी जाती है, उनको अच्छे से समझ लें ।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी अधिकारी कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें। एसएसटी एवं एफएसटी टीमों के गठन हेतु अधिकारियों का चिहांकन कर लिया जाए। उन्होंने जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रलोभनमुक्त, भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद सभी ईवीएम मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम तक सरकारी वाहन में भेजे जाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारी को निर्देशित किया कि नई हैंड बुक पढ़ लीजिए। इस अवसर पर सीडीओ भीमजी उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, आशुतोष चतुर्वेदी, अवधेश दीक्षित रहे।

## पेयजल और सीवर की समस्या को गंभीरता से लें

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● **जनसुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने की बैठक**


**अमृत विचार।** जनसुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अधिशाषी अभियंता जल निगम व जल संस्थान, अधिशाषी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिये।

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनसुविधाओं को आम नागरिक तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रतिदिन सुबह स्वयं मौजूद रहकर, अभियान चलाकर नाला, सड़क आदि की साफ-सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी करने, सड़क पर कूड़ा फेकने वालों व कूड़ा करकट जलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना के साथ-साथ दण्डात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।

उन्होने कहा कि सुनिश्चित करें कि गर्मी के मौसम में शहर हो या गावं कहीं पर भी पानी की समस्या न हो नागरिकों को न करना पड़े, पर्याप्त पानी के टैंक आदि संसाधन मौजूद रहे। उन्होने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में एक हैं, इसके लिये रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु ओवर लोड ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्वि नये ट्रांसफार्मर लगाये जाने तथा ओवर लोड लाईनों को विभाजित, साथ ही जर्जर तारों को निर्धारित समय में त्वरित ठीक करने का कार्य किया जाये। उन्होने कहा कि विद्युत कार्मिक उपभोक्ताओं के हित में कार्य करें, उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उपजिलाधिकारी उरई/ अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई सुरेश पाल, अधिशाषी अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता जल निगम आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नागरिकता संशोधन अधिनियम पर पुलिस अलर्ट



एसडीएम और सीओ ने कोच कस्बे में किया भ्रमण। अमृत विचार



पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक इरज रजा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने कल सोमवार को सीएए अधिनियम लागू कर दिया और इडवजारी भी कर दी, जिसको देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी पुलिस अधीक्षकों को एलर्ट भी जारी कर दिया।

जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने सुबह से लेकर शाम तक उरई शहर,कस्बा जालौन समेत सभी तहसील मुख्यालय में ताबड़ तोड़ दौरे किए और स्थानीय पुलिस एवं प्रसासनिक अधिकारियों के साथ पैदल मार्च कर आम जन को सुरक्षा का एहसास कराया और सीएए अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आयें। अपने काम से काम रखें अफवाहें न फैलायें।

### उरई में किया पैदल मार्च

पुलिस अधीक्षक ने सुबह उरई शहर में क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी और कोतवाली पुलिस बल के साथ मुख्य मार्ग व मुस्लिम बस्ती में पैदल चल कर सीएए अधिनियम की जानकारी दी और आम जनता को खुशी और हर्षोल्लास के साथ रमजान और होली का त्योहर मनाने की अपील की।2, एसपी इरज रजा ने जालों पहुंच कर क्षेत्राधिकारी जालौन,उप जिलाधिकारी जालों और कोतवाली जालौन पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया, लाव लश्कर देखकर अपराधियों में भगदड़ मच गई,और व्यापारियों व आम जनता में सुरक्षा के भाव जागृत हुए।

### कोच में सीएए को लेकर एसडीएम ने किया भ्रमण

एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ किया पैदल भ्रमण सुरक्षा का संदेश देते हुए नागरिकता सुधार अधिनियम की जानकारी दी और अफवाहों में न आने की अपील की। साथ ही अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कारवाही करने की चेतावनी दी।

# सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

संवाददाता कालपी जालौन

● **अधिकारियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक**

**अमृत विचार।** कालपी केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के लागू करने तथा रमजान शरीफ को मंगलवार को मुस्लिम धर्मगुरुओं तथा पेश इमामों के साथ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।

कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नगर में शांति एवं सद्भाव का माहौल बनाए रखने के लिए विचार व्यक्त किए गए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सीएए कानून को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, नागरिकता को खत्म करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि भ्रामक तथा भड़काऊ खबरों को सोशल मीडिया में कतई पोस्ट ना करें, वरना कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि रमजान शरीफ की मौके पर सफाई, रोशनी, पेयजल तथा विद्युत आपूर्ति की पुर्णतः व्यवस्था की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद तथा अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि सभी लोग सद्भाव तथा प्रेम का माहौल कायम रखकर नगर के गौरवशाली परंपरा को कायम रखें।

इस मौके पर हाफिज मोहम्मद इरशाद सलीम अंसारी पप्पू सभासद कमर अहमद मौलाना जियाउद्दीन, हाफिज गुलाम जिलानी, हाजी अब्दुल मुजीब, कारी एहसान बरकारी, हसीब मास्टर, शमशुल हुदा, नूर मोहम्मद आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शराब की कालाबाजारी करने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**माधौगढ़ जालौन।** आगामी होली के त्योहार को देखते हुए एसडीएम व आबकारी विभाग की टीम ने कस्बे में संचालित शराब की दुकानों का निरीक्षण कर सेल्समैनों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने ओवर रेटिंग और ब्लैक में शराब की बिक्री को लेकर सख्त रुख दिखाते हुए कहा, ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चूंकि होली के त्योहार में शराब की जब मांग बढ़ती है तो मदिरा दुकानदार इसका बेजा फायदा उठाते हैं और ओवर रेटिंग तथा ठेका बंदी के बाद ब्लैक में बेचने से नहीं चूकते हैं।ऐसा करने वालों पर प्रशासन की नजर है।सोमवार को एसडीएम विश्वेशर सिंह सीओ शैलेन्द्र बाजपेई के साथ आबकारी निरीक्षक माधौगढ़ आजाद सिंह कोंच आबकारी निरीक्षक शुभम देशबंधु कोतवाल माधौगढ़ नागेन्द्र पाठक ने कस्बे में बियर और अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि ठेकों पर ओवर रेटिंग की शिकायत मिली तो सेल्समैनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



ठेके का निरीक्षण करते अधिकारी।

### आपदा प्रभावित फसलों का सही तरीके से सर्वे हो

**जालौन।** हर हाल में आपदा से पीड़ित किसानों की फसलों के नुकसान का सर्वे गुणवत्ता पूर्ण हो, जिससे किसान सरकार की मुआवजा देने का लाभ ले सकें, यह जानकारी एसडीएम अतुल कुमार ने तहसील क्षेत्र के सभी गांव में तैनात लेखपालों को लिखित आदेश दिया है। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की तकरीबन 184 गांव में ओलावृष्टि तथा अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे युद्ध स्तर पर किए जाने के लिए लेखपालों को निर्देश करते हुए कहा कि सभी किसानों के खेतों पर जाकर स्वयं स्थिति का निरीक्षण करें इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

# 14 बड़े बकायेदारों के जल कनेक्शन काटे गए

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** लंबे अरसे से जल संस्थान के जल संयोजनो के बिलों का भुगतान न करने वाले बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग के द्वारा सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मंगलवार को अवर अभियंता के नेतृत्व में कई मोहल्ले में अभियान चलाकर 14 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये।

कालपी नगर में जल संस्थान विभाग के जलकल के 5685 कनेक्शनधारी हैं, जिसमें 11 कमर्शियल उपभोक्ता शामिल है। कई लोग कनेक्शन लेने के बाद विभाग का बिल जमा करना ही भूल गए हैं।

राजस्व वसूली अभियान के तहत मंगलवार को अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक शुजाउत हुसैन, विवेकानंद तिवारी, जितेंद्र कुमार, धर्म सिंह आदि कर्मचारियों की टीम के द्वारा नगर के रामचबूतरा, हरीगंज, दमदमा, राजघाट, कागज़ीपुरा, इंद्रानगर आदि मोहल्ले में घूम-घूमकर 25 से 40 हजार रुपये के बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के पानी के संयोजन विच्छेद कर दिए। जिसमें दर्जन भर की रिकवरी के लिए आरसी भेजी जा रही है।

## सफाईकर्मी न आने से लगा गंदगी का अंबार

**जालौन।** जालौन तहसील के पमा गांव में सफाई कर्मी के द्वारा सफाई न किए जाने पर गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां कीचड़ से भरी पड़ी हैं।

ग्राम पमा के ग्रामीण रामकुमार, सुनील कुमार, राजेश, आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में तैनात सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं आता इसकी लगातार शिकायत ब्लॉक स्तर पर की गई लेकिन आज तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई ग्रामीणों ने आरोप लगाया की सफाई कर्मी शैलेंद्र की ब्लॉक में अच्छी पकड़ है। बिना ड्यूटी किए भी उसे पूरा वेतन दिया जा रहा है।

# बच्चों की प्राइमरी शिक्षा पर दिया जोर

संवाददाता कालपी जालौन



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को बेसिक शिक्षा बीआरसी कार्यालय कालपी के सभागार में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला हमारा आंगन हमारे बच्चे का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह ने शिक्षा पर प्रकाश डाला।

पूर्व विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह राजपूत ने बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। अभिलाष तिवारी , ए आर पी राजकुमार सिंह , मनीष राज , अरविंद सिंह ब्लॉक एमआईएस मिथुन प्रजापति ने कार्यक्रम के बारे में जानकारियां दी।

मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह जादौन जी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां कि बच्चों को जन्म देनी वाली मां जन्म देती है पालन करती है लेकिन आगनबाड़ी मां उसे समाज में जिम्मेदारी और सामाजिक विकास से परिचित कराती है । खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने कहा कि आज आगनबाड़ी केंद्रों को प्री प्राइमरी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक– 1017171, इंटर मीडियट वर्ष 2007 अनुक्रमांक– 0548744, जीएनएम नर्सिंग वर्ष 2014 अनुक्रमांक– 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जीएनएम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाणपत्र कही खो गये हैं। **अमित कुमार पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम पोस्ट बरौना थाना मल्लांवा जनपद हरदोई। मोबाइल नंबर– 7619002556**

### सूचना

मैं आनुली देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह के आर्मी नं.– 4198003P, ग्राम–पिंगलो, पो.ओ.– पिंगलो, तहसील–गरूड, जिला– बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम आनंदी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आनुली देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में आनुली देवी दर्ज किया जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि शपथकर्ता धर्मेद्र यादव पुत्र बुधराम निवासी ग्राम अनारपटी मजरे शरवन टिकठा थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी का नाम त्रुटिवश धर्मेद्र कुमार यादव हो गया है। जिनका सही व सत्य नाम धमेंद्र यादव है। जिनको भविष्य में धर्मेद्र यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

मैं संगीता सिंह राना अपने पति राजकिशोर के आर्मी नं.– 4200648Y, ग्राम–पिपलिया पिस्तौर, पो.आ.– नानकमत्ता, जिला– उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संगीता राना दर्ज है जबकि मेरा सही नाम संगीता सिंह राना है। अतः मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में संगीता सिंह राना दर्ज किया जाये।

### सूचना

सदर तहसील में दिनांक– 05/06/2009 के बैनामा जिसका बही संख्या 01 जिल्द संख्या– 4771 पेज़ नं. 233 से 252 क्रम संख्या 6771 तथा दूसरा बैनामा दिनांक– 05/06/2009 के बही संख्या 01 जिल्द संख्या– 4773 पेज़ नं. 181 से 206 क्रम संख्या 6769 हैं। मेरे पास से उपरोक्त दोनों मूल रजिस्ट्री दिनांक– 05/02/2024 को पटेल नगर चौराहे के पास कहीं गिर गयी है। **प्रदीप सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी– ग्राम गढ़ी, पोस्ट मवैया, जिला– फतेहपुर।**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक श्री मोहम्मद तनवीर आलम, पुत्र श्री इफ़्तिखार हुसैन खान को उनकी संपत्ति भूखंड संख्या 01, क्षेत्रफल 1700 वर्गफीट जो खसरा संख्या 335 मिन, स्थित भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ के विरूद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।

**(तरूण प्रकाश श्रीवास्तव)**
**एडवोकेट, मो0- 9335914262**
रूम नं0–110–111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ–226001

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक द्वितीय आवश्यक बैठक दिनांक 13/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12: 30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

निवेदक- **पिंटू सिंह**
**ग्राम- खोजारामपुर, कानपुर देहात**

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत बहुवन मदार मांझा विकास खण्ड–परसपुर जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती का गठन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 18/03/2024 को ग्राम पंचायत नन्दौर के पंचायत भवन प्रांगण में दिन में 12:00 बजे बैठक की जायेगी जिसमें उक्त न्याय पंचायत के महुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के व्यक्ति समिति में सदस्यता ग्रहण करने हेतु भाग ले सकते हैं।

**मुख्य प्रवर्तक**
**मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती, गोण्डा**


समस्या | राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर बुंदेली सेना ने एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन

# बंद अल्ट्रासाउंड मशीन चालू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उरई

● **राजकीय मेडिकल कालेज में नहीं मिलतीं सुविधाएं**

● **जिलाधिकारी से सुविधाएं बहाल करने की उठाई मांग**



ज्ञापन सौंपते बुंदेला सेना के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेला सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर राजकीय मेडिकल कालेज उरई में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को भेजकर बुनियादी सुविधाओं को बहाल किये जाने की मांग उठाई।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष शिवम चौहान (सानू नादई) के नेतृत्व में राजासिंह, डॉ. आशाराम बुंदेलखंड संयोजक, पुष्पेन्द्र सिंह, विशाल सिंह औंता, लक्ष्य चौहान, रमाकांत सिंह, दीपक सिंह, मानवेंद्र सिंह सोनू, धर्मेंद्र सिंह मौनू, अनुराग, श्रीराम प्रजापति आदि कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को भेंट करते हुए बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज उरई में विगत चार माह से अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है जिससे मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड मशीन चालू कराई जाये। उन्होंने बताया कि विगत दिनों अनेक प्रकरणों में देखा गया है कि मरीजों को राजकीय चिकित्सालय से जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है। उन्होंने मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग जिलाधिकारी से उठाई है।

## सड़क का निर्माण नहीं तो लोकसभा में वोट नहीं

कार्यालय संवाददाता,उरई



प्रधान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज ग्राम प्रधान सिकरीराजा के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को भेंट कर सड़क निर्माण को कहा। उन लोगों ने सड़क नहीं तो लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करने की बात भी कही।

जालौन विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा के प्रधान आलोक वर्मा के नेतृत्व में रानू सिंह राजावत, अनूप राजावत, विश्वनाथ सिंह, अरविंद सिंह, बिक्रम सिंह, रजनसिंह, बब्बूराजा, रामकुमार सिंह राजावत, महेशचंद्र, चंद्रभान सिंह, मुकेश सिंह राजावत, यतेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजू कठेरिया सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को भेंट करते हुए बताया कि कोंच रोड पर अम्मरगढ़ से सिकरीराजा लगभग दो किलो मीटर सम्पर्क मार्ग सालों से उखड़ा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील मुख्यालय तक जाने के लिए उसी सड़क से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इंटर कालेज, स्वास्थ्य विभाग, बैंक आदि है । उन्होंने कहा कि खराब सड़क होने की वजह से आये दिन सड़क दुघर्टनाएं होती रहती हैं, लेकिन किसी का ध्यान नहीं है।

